दैनिक जागरण
29-11-2025

# विद्यार्थियों को बताया जटिल बिजनेस केस स्टडीज हल करना



जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान शामिल विद्यार्थी • विज्ञप्ति

**अंबाला • विज्ञप्ति** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट के प्रबंधन विभाग ने जटिल बिज़नेस केस स्टडीज को कैसे हल करें विषय पर एक ज्ञानवर्धक एवं सार्थक सत्र का आयोजन किया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक दौर में व्यावहारिक प्रबंधन कौशल और विश्लेषणात्मक सोच की विशेष आवश्यकता है तथा ऐसे सत्र छात्रों को उद्योग की वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। सत्र का संचालन सहायक प्राध्यापक डा. दिशा अरोड़ा ने किया, जिन्होंने छात्रों को केस स्टडी विश्लेषण के लिए संरचित पद्धतियां, मूल्यांकन तकनीक और समाधान-उन्मुख दृष्टिकोण प्रदान किए। उनके मार्गदर्शन ने छात्रों को प्रबंधकीय समस्याओं को समझने और प्रभावी निर्णय लेने में महत्वपूर्ण सहायता की। इस दौरान विभागाध्यक्ष डा. भारती सुजान, कमलप्रीत कौर, डा. शुभम, माहिमा अरोड़ा आदि मौजूद रहे।